राज्यपाल सचिवालय
लोकभवन, राजस्थान

## युवाओं के साथ प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के संदेश का लाइव सुना

## राज्यपाल ने ''विकसित भारत संकल्प अभियान'' के तहत ''नशामुक्त युवा'' की शपथ दिलाई

## राज्यपाल ने कहा नशामुक्त राजस्थान के लिए जन सहभागिता बढ़ाएं

जयपुर, 2 अगस्त। राज्यपाल श्री हरिभाऊ बागडे ने रविवार को ''विकसित भारत संकल्प अभियान'' के तहत ''नशा मुक्त युवा'' की शपथ दिलाई। स्थानीय सुबोध कॉलेज में आयोजित कार्यक्रम में प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी द्वारा एक करोड़ युवाओं के लिए इस सम्बन्ध में संदेश का भी लाइव प्रसारण हुआ।

राज्यपाल श्री बागडे ने इस दौरान कहा कि नशा जीवन का नाश करता है, इस की मुक्ति के लिए सभी स्तरों पर प्रयास किए जाने चाहिए। उन्होंने युवाओं को नशा मुक्ति की शपथ दिलाते हुए मादक पदार्थों से दूर रहने, इनकी बिक्री और आपूर्ति करने वालों को पकड़वाने में सहयोग का भी आह्वान किया।

राज्यपाल ने ड्रोन द्वारा सीमावर्ती क्षेत्रों से नशीले पदार्थ भेजे जाने को रोकने के लिए भी कड़ी कार्यवाही करने और इसमें जन सहभागिता बढ़ाने पर जोर दिया। राज्यपाल ने ''नशामुक्त राजस्थान'' के लिए माह का निर्धारण कर अभियान चलाने का भी आह्वान किया।

इससे पहले सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री श्री अविनाश गहलोत ने नशामुक्त अभियान के लिए प्रतिबद्ध होकर सभी के सहयोग से इसे सफल किए जाने का आह्वान किया।

-----




YUVA
Prime Minister
Ministry of Youth Affairs and Sports
PM Event



